भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 918
26 जुलाई, 2024 को उत्तर के लिए

बालिकाओं के लिए सैनिक स्कूल

918. श्री बृजमोहन अग्रवालः

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का बालिकाओं के नामांकन में वृद्धि करने के लिए बालिकाओं के लिए सैनिक स्कूल खोलने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(घ) क्या सरकार छतीसगढ़ राज्य और विशेष रूप से रायपुर संसदीय क्षेत्र में बालिका सैनिक विद्यालय खोलने की योजना बना रही है, और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) से (ड.) देश में पूर्ववर्ती प्रतिमान के तहत स्थापित सभी 33 सैनिक स्कूल सह-शैक्षणिक संस्थान हैं। वर्तमान तिथि तक, इन 33 स्कूलों में कुल 1541 बालिकाएं पढ़ रही हैं। पूर्ववर्ती प्रतिमान के तहत पूर्णरूपेण-बालिका सैनिक स्कूल की स्थापना करना सरकार के विचाराधीन नहीं है।

गैर सरकारी संगठन/न्यास/निजी/सरकारी स्कूलों के साथ साझेदारी रीति में नए सैनिक स्कूलों की स्थापना करने के संबंध में, पूर्णरूपेण-बालिका सैनिक स्कूल की स्थापना करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। इस संबंध में, उत्तरप्रदेश राज्य में एक स्कूल संविद गुरुकुलम उच्च माध्यमिक स्कूल, मथुरा को पूर्णरूपेण-बालिका सैनिक स्कूल के रूप में मंजूरी दी गई है। साझेदारी रीति के तहत स्थापित किए जाने वाले नए सैनिक स्कूल की स्थापना का खर्च संबंधित इकाई/एजेंसी द्वारा वहन किया जाना अपेक्षित है, जिसे स्कूल की स्थापना के लिए मंजूरी दी गई है।

*****